## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल पन्ना (म0प्र0)

पता – डायमण्ड चौराहा जगात चौकी, पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) पिन : 488001

E-Mail :-dfotnpanna@mp.gov.in Fax & Phone :- 07732-252029

क्रमांक/मा0चि0/2023/3542

पन्ना, दिनांक 21/09/23

प्रति,

एसोसिएट मेनेजर प्रोजेक्ट,
एम.पी. पावर ट्रांसमिशन पैकेज–II
लिमिटेड विजयनगर जबलपुर म.प्र.

विषय :– पन्ना जिले के अन्तर्गत वनमंडल उत्तर पन्ना में अजयगढ़–पन्ना 132 के0व्ही0 डी.सी.एस. एस. लाईन के निर्माण हेतु रकबा 39.6495 हे0 वनभूमि एसोसिएट मैनेजर प्रोजेक्ट, एम.पी. पावर ट्रांसमिशन पैकेज–II लिमिटेड विजयनगर जबलपुर म.प्र. को उपयोग पर देने बाबत्। ऑनलाईन प्रस्ताव क्र0/FP/MP/TRANS/151776/2022

संदर्भ :–
1. भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल का पत्र क्रमांक/6–एम.पी.आर. 029/2022–बी.एच.ओ./ दिनांक 03.07.2023
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्र0/ एफ–4/22/2022/10–11/2772 भोपाल दिनांक 05.07.2023
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्र0/ एफ–5/2023/10–11/4104 भोपाल दिनांक 13.09.2023

---

विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र क्र0 01 के माध्यम से पन्ना जिले के अन्तर्गत वनमंडल उत्तर पन्ना में अजयगढ़–पन्ना 132 के.व्ही. डी.सी.एस.एस. लाईन के निर्माण हेतु 39.6495 हे0 वनभूमि उपयोग हेतु भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा विषयांकित योजना में अधिरोपित शर्तों के अधीन सैद्धांतिक अनुमति जारी की गई है। जिसके संदर्भ में संदर्भित पत्र क्र0 02 के माध्यम से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) सतपुडा भवन भोपाल से अधिरोपित शर्तों के अधीन योजना में प्रभावित हो रही वन भूमि में एन.पी.व्ही. राशि, वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि एवं औषधीय वृक्षारोपण की राशि आवेदक संस्थान से जमा कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| स. क्र. | मद | रकबा (हे0 में) | घनत्व (Density) | ईको क्लास श्रेणी | राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेट प्रजेण्ट वैल्यू | 39.6495 | 0.3–0.5 (Dense) | Eco 3 | 4,87,12,979/– | – |
| 2 | वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि (10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क की राशि सहित) | 80 | – | – | 4,27,38,212/– | – |
| 3 | औषधीय वृक्षारोपण की राशि (10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क की राशि सहित) | 8.7001 | – | – | 1,52,09,067/– | – |
| | | | | महायोग :– | 10,66,60,258/– | – |

अतः विवरण अनुसार समस्त राशियां भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कैम्पा मद में ई–पोर्टल (https://parivesh.nic.in/) में ऑनलाईन जमा कराते हुये भारत शासन से जारी अधिरोपित अन्य शर्तों की भी पूर्ति करते हुये बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि पालन प्रतिवेदन वरिष्ठ की ओर प्राप्त निर्देशानुसार ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन प्रेषित किया जा सके।

(गरिमा गंगवार)
वन मंडलाधिकारी
उत्तर वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

Letter 2023